# सक्करदरा तालाब पुनर्निर्माण में नियमबाह्य उत्खनन

**संवाददाता/प्रतिदिन अखबार**
**परतवाड़ा, 22 फरवरी-** मेलघाट में अनेक विकास कार्यों के साथ-साथ पर्यटन स्थलों के सौंदर्यीकरण का कार्य किया जा रहा है, परंतु इन कार्यों में बड़े पैमाने पर अनियमितता दिखाई दे रही है. शासन द्वारा बनाये गये नियमों की ऐसी-तैसी करते हुए नियमों को ताक पर रखते हुए कार्य किये जाने का चित्र यहां देखने को मिलता है. इसी दौरान चिखलदरा के सक्करदरा तालाब का पुनर्निर्माण कार्य बड़े जोरों-शोरों से किया जा रहा है. परंतु इस कार्य में काफी अधिक मात्रा में काली मिट्टी, गाल, मुरुम आदि का नियमों का उल्लंघन कर उत्खनन करते हुए उपयोग में लाये जाने का विषय काफी चर्चा में चल रहा है. 400 ब्रास गौण खनिज के अलावा पहले बिल में दर्ज 1125 ब्रास गौण खनिज तहसील प्रशासन की बिना किसी अनुमति के अनाधिकृत तरीके से उठाया गया. जिसकी शिकायत कुछ दिन पूर्व ही मनसे के जिला उपाध्यक्ष प्रितेश अवघड ने चिखलदरा तहसीलदार से की थी. इस शिकायत के आधार पर तहसील प्रशासन को संबंधित सिंचाई विभाग ने दिये हुए खुलासे मे 400 ब्रास के अलावा अन्य सैकड़ों ब्रास की अनुमति के बारे में कोई उल्लेख नहीं दिखाई देता. जिसके चलते काफी आश्चर्य व्यक्त किया जा रहा है. इसके साथ ही तहसील प्रशासन द्वारा संबंधित ठेकेदार को अभी तक इस हजारों ब्रास गौण खनिज की अनुमति किससे मिली, गौण खनिज

### इको सेंसिटिव झोन कानून की ऐसी की तैसी



कहां से लाया, इस बारे में पूछा भी नहीं गया. इतना ही नहीं तो यह मामला अब इको सेंसिटिव झोन अधिनियम के चक्रव्यूह में फंसने के घने आसार हैं. एक ओर व्याघ्र प्रकल्प को पूरे 50 वर्ष पूर्ण होने के चलते व्याघ्र विभाग अमृत महोत्सव मनाने की तैयारी में और इसी व्याघ्र प्रकल्प क्षेत्र में व्यावसायिक कार्यों के लिए काली माटी का सैकड़ों ब्रास उत्खनन किया जा रहा है. इस बारे में संबंधित व्याघ्र विभाग को कोई कल्पना नहीं होना यह व्याघ्र प्रकल्प के 50 वर्षों के अनुभव में इससे बड़ी दुर्भाग्य की बात और क्या होगी, यह कहना कोई गलत नहीं होगा.

### इको सेन्सिटिव झोन से सक्करदरा प्रकरण का कनेक्शन

27 दिसंबर 2016 में भारत के राजपत्र अधिसूचना के अनुसार चिखलदरा तहसील के टेटू और शहापुर इस मौजा को इको सेन्सिटिव्ह झोन में समाविष्ट किया. इस क्षेत्र से गौण खनिज की खुदाई गांव के लोग अपने घर में छोटे-बड़े काम करने के लिए करते हैं और उन्हें ऐसा करने की अनुमति भी है. परंतु टेटू खेत शिवार से सैकड़ों ब्रास काली मिट्टी की ढुलाई कर सक्करदरा तालाब के निर्माणकार्य में उपयोग में लाने का कारोबार यहां किया जा रहा है. कुछ ऐसा ही मामला शहापुर मौजा में भी देखने को मिला. इस बारे में व्याघ्र प्रकल्प के वरिष्ठ अधिकारियों से संपर्क किया तो वाणिज्य उपयोग के लिए इस क्षेत्र में गौणखनिज का उत्खनन करना, ढुलाई करना पूरी तरह बंद है, ऐसी जानकारी मिली. इसलिए भविष्य में अब इस मामले में सीधे इको सेन्सिटिव्ह झोन कानून की एन्ट्री से इनकार नहीं किया जा सकता.

# शिवाजी जयंती पर कांग्रेस द्वारा निकाली गई भव्य बाइक रैली



**संवाददाता/प्रतिदिन अखबार**
**परतवाड़ा, 22 फरवरी-** अचलपुर तालुका ग्रामीण व शहर कांग्रेस की ओर से छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती पर सर्व जाति, धर्मियों की अभिवादन पर भव्य बाइक रैली का आयोजन किया गया.

इस अवसर पर छत्रपति शिवाजी महाराज पुतले का पूजन व हार अर्पण किया गया. इस अवसर पर किसानों के राजे छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती दिन के अवसर पर भव्य बाइक रैली निकालकर अभिवादन किया गया. इस अवसर पर कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष नामदेवराव तनपुरे, अचलपुर शहर अध्यक्ष श्रीकांत झोडपे, जिला महासचिव श्रीधर काले, परतवाड़ा कार्याध्यक्ष सागर व्यास, ता. कार्याध्यक्ष अमोल बोरेकर, अल्पसंख्यक अध्यक्ष अनिशभाई दर्याबादी, अजिज खान, तालुका अनु. जाति अध्यक्ष राहुल गाठे, ओबीसी अध्यक्ष दिनेश वानखड़े, राजेश काळे, राजेंद्र गोरले, अमोल चिमोटे, संजय शेटे, अशोक दाणे, विशाल खानझोड़े, राम उखड़कर, सच्चिदानंद बेलसरे, मंगेश अतकरे, धीरज वासनकर, कैलास कडू, देवानंद कडू, विजय ढ़ेपे, रफिक भाई, विक्कीराज वानखड़े, हरिदास दाभाड़े, धर्मानंद वानखड़े, दादाराव पवार, हिम्मतराव दवंगे, योगेश दुबे सहित अनेक नागरिक बड़ी संख्या में तालुका व शहर कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे.

# पुलिस के कड़े बंदोबस्त में शुरू हुई 12 वीं की परीक्षा

## कॉपीमुक्त अभियान चलाने हो रहा पूरा प्रयास



**संवाददाता/ प्रतिदिन अखबार**
**परतवाड़ा, 21 फरवरी-** महाराष्ट्र राज्य माध्यमिक व उच्च माध्यमिक शिक्षण मंड़ल द्वारा मंगलवार 21 फरवरी से बारहवी की परीक्षा आरंभ हुई है.

अचलपुर तहसील के सभी परीक्षा केंद्रों पर शिक्षकों के साथ-साथ पुलिस का भी कड़ा बंदोबस्त रहा. जिले के 135 परीक्षा केंद्रों पर 34 हजार 398 विद्यार्थी 12 वीं की परीक्षा दे रहे है. कोरोना काल के बाद दो वर्ष पश्चात विद्यार्थियों की परीक्षा इस बार प्रचलित पद्धती से हो रही है. शिक्षण मंडल द्वारा दिये गये अन्य शाला, कनिष्ठ महाविद्यालय के परीक्षा केंद्र पर परीक्षा का मंगलवार को पहला पेपर विद्यार्थियों ने दिया.महाराष्ट्र राज्य माध्यमिक व उच्च माध्यमिक शिक्षा मंड़ल द्वारा ली जा रही 12 वीं की परीक्षा विभाग में शांतिपूर्वक संपन्न हो, किसी भी प्रकार से परीक्षा काल में कोई असुविधा, गैरकानूनी घटना घटित ना हो इसलिए राज्य मंड़ल के निर्देशानुसार विभाग शिक्षण मंड़ल ने कॉपीमुक्त अभियान सहित अनेक खबरदारीपूर्ण कदम उठाने की तैयारी करते दिखाई दिये. इस बार की परीक्षा में पूर्ण पाठयक्रम पर आधारित प्रश्न परीक्षा में आयेंगे इसलिए विद्यार्थियों ने जमकर पढ़ाई की ही होगी. विभाग शिक्षण मंड़ल ने परीक्षा के लिए केंद्र निश्चित कर सभी परीक्षा केंद्रो पर मंगलवार को पुलिस का कड़ा बंदोबस्त था.

# केंद्रीय गृहमंत्री शाह के खिलाफ थाने में शिकायत

## वरुड़ थाने में शिवसैनिकों ने दी दस्तक



**संवाददाता/प्रतिदिन अखबार**
**वरुड़, 22 फरवरी-** शिवसेना पार्टी प्रमुख पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के खिलाफ बेतुका बयान करने वाले केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ वरुड़ तहसील शिवसेना के पदाधिकारियों ने थाने में शिकायत दर्ज करवाकर निषेध जताया. शिवसेना वरुड़ तहसील के ओर से शिवसेना पार्टी के प्रमुख तथा पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बेतुका बयान किया. जिसके चलते मंगलवार को सुबह 11 बजे वरुड़ पुलिस स्टेशन में शिकायत दी गई. इस समय शिवसेना अमरावती जिला समन्वयक किशोर माहोरे, युवासेना जिला प्रमुख धीरज खोडस्कर, तहसील प्रमुख विजय निकम, शहर प्रमुख रविंद्र कुबड़े, पूर्व तहसील प्रमुख विनोद डहाके, पूर्व नप उपाध्यक्ष सुनील हाडे, युवासेना तहसील अधिकारी निखिल पाटिल, जय वडस्कर, शिवसैनिक संजय होले, अनुराग देशमुख, दिनेश केदार सहित सैकड़ों शिवसैनिक उपस्थित थे.

# लोककवि डॉ. विट्ठल वाघ की काव्यभिमाय का मलेशिया में हुआ प्रकाशन



**संवाददाता/प्रतिदिन अखबार**
**परतवाड़ा, 22 फरवरी-** महाराष्ट्र के प्रसिद्ध साहित्यिक लोककवि डॉ. विट्ठल वाघ के काव्यभिमाय इस दीर्घ काव्य संग्रह का प्रकाशन हाल ही में मलेशिया के साहित्य सम्मेलन में किया गया. काव्यभिमाय के काव्य यह मराठी वाचक व रसिकों के लिए मराठी साहित्य की बहुत बड़ी उपलब्धता है. ऐसे विचार प्रकाशन अवसर पर उपस्थित मान्यवरों ने व्यक्त किये. प्रकाश अंधारे सर के प्रकाशन द्वारा प्रकाशित विट्ठल वाघ के काव्यभिमाय इस कविता संग्रह का प्रकाशन करते समय मलेशिया के प्रसिद्ध विचारवत डॉ. डी.के. पंजामूर्ति, मराठवाड़ा विद्यापीठ के डॉ. उत्तम अंभोरे, महाराष्ट्र के सुप्रसिद्ध साहित्यिक प्रा. नंदू वानखड़े व अन्य मान्यवरों की इस समय प्रमुख उपस्थिति रही. कविवर्य विट्ठल वाघ यह वर्तमान में लंदन में रहे हैं. उनके मराठी भाषा में मौलिक योगदान के देनेवाले साहित्य को हाल ही में महाराष्ट्र शासन द्वारा केलकर इस दो लाख रुपये का सर्वोत्कृष्ट पुरस्कार घोषित किया गया है. उनके काव्यभिमाय साहित्य की ओर चहुंओर स्वागत किया जा रहा है.

# सेवानिवृत्त सिविल इंजी. सहायकों का 24 को आंदोलन



**संवाददाता/प्रतिदिन अखबार**
**दर्यापुर, 22 फरवरी-** अपनी विभिन्न लंबित मांगों को लेकर सेवानिवृत्त सिविल इंजीनियरिंग सहायकों द्वारा कार्यसमिति के माध्यम से 24 फरवरी को अर्धनग्न भूख आंदोलन करने की चेतावनी दी गई है. इस बारे में समिति ने विधायक बलवंतराव वानखड़े को ज्ञापन सौंप कर न्याय देने की मांग की. इस बारे में कई साल से संघर्ष करने की बात कही है. सेवानिवृत्त सिविल इंजीनियरिंग सहायक कार्यसमिति के मुताबिक लोक निर्माण क्षेत्रीय विभाग मुंबई की ओर से सहायकों पर 1989 से

## विधायक वानखड़े को सौपा मांगो का ज्ञापन

आज तक अन्याय हो रहा है. मुंबई, पुणे, नाशिक, नागपुर, अमरावती, औरंगाबाद को तमाम अधिकार होते हुए भी कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया. अपनी मांग के समर्थन में समिति द्वारा 24 फरवरी को अमरावती में अर्धनग्न भूख हड़ताल की जाएगी. सभी संबंधितों से शामिल होने का आग्रह समिति द्वारा किया गया है.

# नप उर्दू शाला में वार्षिक स्नेहसम्मेलन



**संवाददाता/प्रतिदिन अखबार**
**चांदूर बाजार, 22 फरवरी-** स्थानीय नगर परिषद उर्दू प्राथमिक शाला में वार्षिक स्नेह सम्मेलन का आयोजन किया गया. इस सम्मेलन में आनंद मेला और पालक सम्मेलन का आयोजन किया गया. विद्यार्थियों में व्यवहार और लेन-देन के गुणों को सिखाने के मुख्य उद्देश्य से यह आयोजन किया गया था. सम्मेलन में विद्यार्थी बड़ी संख्या में शामिल हुए.

विद्यार्थियों द्वारा मंच पर देशभक्ति गीत, ड्रामा, कव्वाली, कविताएं आदि कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए. कार्यक्रम में हाल ही में दर्यापुर नपा द्वारा आयोजित क्रीड़ा महोत्सव में चांदूर बाजार नप की वॉलीबॉल टीम ने फाइनल जीत कर ट्रॉफी अपने नाम की थी. जिसके चलते टीम का मेडल देकर सत्कार किया गया. इसी तरह टेनिकाइटी स्पर्धा में द्वितीय क्रमांक हासिल करने वाले शिक्षक इकबाल हुसैन, 25 किमी. साइकिलिंग में द्वितीय स्थान हासिल करने वाले जलापूर्ति विभाग के कुंदन विंचुरकर का भी सत्कार किया गया.

स्नेह सम्मेलन में विद्यार्थियों को शिक्षकों, पालकों और अतिथियों के हाथों नगद पुरस्कार दिया गया. उद्घाटन समारोह में कार्यक्रम के अध्यक्ष कर निरीक्षक राजू पठान शाला व्यवस्थापन समिति के अध्यक्ष अब्दुल मजीद, नपा उर्दू विद्यालय के मुख्याध्यापक सज्जाद अहमद खान, नपा उर्दू प्राथमिक शाला क्र. 1 के मुख्याध्यापक जमील अहमद, पत्रकार मदन भाटे, माजिद इकबाल, शरद केदार, इमरान खान, राकांपा के मुंतजिर खान, एजाज अली, फारूक भाई सहित अन्य मंच पर उपस्थित थे.

# मोर्शी तहसील के 17 संतरा बगीचों का किया मुआयना

## संशोधकों की टीम ने किसानों का किया मार्गदर्शन



**संवाददाता/प्रतिदिन अखबार**
**मोर्शी, 22 फरवरी-** तापमान वृद्धि के चलते जिले के विविध क्षेत्रों में संतरे का आंबिया बहार झड़ने तथा संतरे की पत्तियां पीले पड़ने की समस्या का किसान सामना कर रहे हैं. इसकी दखल लेते हुए विशेषज्ञों की टीम ने मोर्शी तहसील के विविध संतरा बगीचों का मुआयना कर संतरा उत्पादक किसानों को मार्गदर्शन किया. मोर्शी तहसील यह बड़ी मात्रा में संतरा उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है. यही वजह है कि इस तहसील की विदर्भ के कैलिफोर्निया के रूप में पहचान बनी हुई है. मोर्शी तहसील के संतरा उत्पादक किसानों को भीषण सूखा, अज्ञात बीमारी, ओलावृष्टि, तापमान वृद्धि आदि विविध नैसर्गिक संकटों का सामना करना पड़ता है. इसी बीच अब एक और बड़ा संकट मोर्शी-वरुड़ तहसील के किसानों पर आन पड़ा है. यहां के संतरा उत्पादक किसानों के बगीचों में संतरा पेड़ों का आंबिया बहार झड़ने लगा है. शेंडेमर, कोलसी आदि के प्रकोप से संतरे के पेड़ की पत्तियां पीली पड़ने से झड़ने लगी हैं तथा पेड़ों की टहनियां झुकने का प्रमाण बढ़ चुका है.

इस अज्ञात बीमारी के चलते मोर्शी तहसील के संतरा उत्पादक किसान त्रस्त होने से इन किसानों को राहत देने के लिए संशोधकों ने मोर्शी तहसील के संतरा बगीचों को भेंट देकर संतरा उत्पादक किसानों को मार्गदर्शन किया. जिसमें संतरे पर मावा कीड़ा का बड़ी मात्रा में प्रादुर्भाव होने की बात प्रकाश में आई. इस बीमारी पर सभी किसानों ने समय पर कीटनाशक दवाइयों का छिड़काव करने व 15 दिन के बाद फिर दूसरा छिड़काव करने से बीमारी को नियंत्रण में लाया जाएगा. इस तरह का मार्गदर्शन किसानों को किया गया.

इस समय संशोधक डॉ. अनिल ठाकरे, डॉ. अतुल कलस्कर, उपविभागीय कृषि अधिकारी राहुल सातपुते, तहसील कृषि अधिकारी साजना इंगले, मंडल कृषि अधिकारी माधुरी निंबालकर, पांडुरंग म्हस्के, राकांपा तहसील उपाध्यक्ष रुपेश वालके, कृषि पर्यवेक्षक मोहन फुले, प्रमोद खर्चान, कृषि सहायक अंधारे, मनीष काले, किशोर राऊत, संतरा उत्पादक किसान विजय विघे, अतुल काकड़े समेत बड़ी मात्रा में किसान उपस्थित थे.

# मुख्यमंत्री शिंदे को धनुष-बाण के साथ मिली शिवसेना

**उज्ज्वल अग्रवाल/प्रतिदिन अखबार , परतवाड़ा, 22 फरवरी- शिंदे और ठाकरे गट के फैसले पर केंद्रीय चुनाव आयोग ने सुनवाई के बाद आयोग ने काफी बड़ा फैसला लिया और धनुष-बाण का चिन्ह एकनाथ शिंदे को दिया है. जिसके कारण जहां ठाकरे गट को जोरदार धक्का बैठा है वहीं शिंदे गट में खुशी की लहर है. चुनाव आयोग के इस फैसले पर जुड़वा शहर के अनेक राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों पदाधिकारियों की मिली जुली प्रतिक्रिया.**

### दबावतंत्र का फैसला



बीजेपी की नीति है खोके देकर खरीद फरोख्त करना. जैसे विधायकों को खोके देकर खरीदा वैसे ही इस फैसले को भी खरीदा होगा, इसमें कोई दो राय नहीं. इस फैसले के कारण विश्वास में दरार आयेगी ये बात तो वैसे ही हो गई जैसे कि कोई अपना खेत लागवन पर करने किसी दूसरे को दे और वो उस खेत को अपने नाम पर कर लें. यह फैसला दबावतंत्र का है जिससे हम सहमत नहीं.

**- गोवर्धन मेहरे, शिवसेना ठाकरे गुट.**

### चुनाव आयोग के फैसले से दुखी



जिसकी पार्टी है आज उसे ही उसके अधिकार से दूर रखने वाला फैसला केंद्रीय चुनाव आयोग ने सुनाया है, यह फैसला दबाव तंत्र का फैसला है. हम इस निर्णय से सहमत नहीं, इसलिए न्याय व्यवस्था से नाखुश होकर हम जल्द ही सुप्रीम कोर्ट जायेंगे. इस फैसले से सभी शिवसैनिक दुखी हैं. हमारा पूरा समर्थन उद्धव ठाकरे के साथ हमेशा रहेगा.

**- अनिल तायडे**

### जैसा बोया वैसा काटा



जैसा बोया वैसा काटा यह कहावत यहां पर सही मायने में वाजिब लगती है. ठाकरे परिवार की पार्टी में राज साहेब ने अपनी पूरी जिंदगी लगा दी. अपने प्रयासों से कार्यकर्ताओं, जनता को जोड़े रखा. मगर राज साहेब को जिस तरह उद्धव ठाकरे ने षड़यंत्र कर शिवसेना से हटाया, उसी तरह उद्धव ठाकरे के हाथ से पूरी शिवसेना ही चली गई. उन्होंने जैसा बोया वैसा काटा, इससे अच्छा फैसला और क्या होगा.

**- राज पाटिल, मनसे**

### चुनाव आयोग के फैसले से खुशी की लहर



जिस पार्टी के लिए अपनी पूरी जिंदगी समर्पित कर दी आज उसी पार्टी में अपने अस्तित्व के लिए लड़ना कोई गलत बात नहीं. शिंदे गुट को शिवसेना के साथ धनुष-बाण मिला. इस फैसले से हम काफी हर्षित है.

**- श्याम अग्रवाल प्रहार पदधिकारी**

### सही नहीं है फैसला



केंद्रीय चुनाव आयोग द्वारा सुनाया गया फैसला पूरी तरह से गलत है. उद्धव ठाकरे के परिवार की विरासत है शिवसेना पार्टी और धनुष-बाण चुनाव चिन्ह. बालासाहेब ठाकरे के पुत्र होने के नाते यह सारा अधिकार उनका ही है. ऐसे से तो कोई भी कार्यकर्ता उठेगा और पार्टी पर अपना अधिकार जमायेगा, यह फैसला सही नहीं है.

**- हाजी मो. रफीक सेठ,**
**पूर्व नगराध्यक्ष न.प. अचलपुर.**

### संविधान की धज्जियां उड़ा दी फैसले ने



शिंदे गुट को शिवसेना के साथ धनुष-बाण का चिन्ह प्रदान करने का फैसला संविधान की धज्जियां उड़ाने वाला फैसला है. संविधान को लेकर केंद्र सरकार व राज्य सरकार गंभीर नहीं है. केंद्रीय चुनाव आयोग के फैसले से कई वर्षों से शिवसेना से जुड़े शिवसैनिक दुखी हैं और इसका परिणाम देश की राजनीति पर पड़ेगा. ये बात ऐसी हुई कि, यदि कोई विधायक मनसे का है तो उसने पूरी मनसे पार्टी पर ही अपना अधिकार बताना क्या, ऐसा नहीं होता. जिस पार्टी ने हमें बड़ा किया उसके साथ धोखा बुरी बात है.

**- अरुण घोटकर.**

### चुनाव आयोग का फैसला गलत



केंद्रीय चुनाव आयोग द्वारा लिया गया निर्णय गलत है. जिस पक्ष ने एक कार्यकर्ता को बड़ा किया, इस मुकाम तक पहुंचाया कि वो मुख्यमंत्री बन जाये और उसी पक्ष के निष्ठावान पार्टी के निर्माणकर्ताओं पर ही इस कदर अपने अधिकार का दबाव डालना योग्य नहीं. हम इस फैसले के खिलाफ हैं.

**- साजीद फुलारी.**

### सत्य की विजय हुई



केंद्रीय चुनाव आयोग का फैसला एकदम सही और बहुमत का सम्मान करने वाला फैसला है. इस निर्णय के कारण जनता में अच्छा संदेश जायेगा. किसी भी पार्टी के छोटे कार्यकर्ताओं को अब बड़ा बनने का अवसर मिलेगा. पार्टी किसी एक व्यक्ति की नहीं अपितु सभी की होती है, यह बात इस फैसले ने स्पष्ट की है.

**- रुपेश ढ़ेपे, भाजपा पदाधिकारी.**

### एकदम सटिक और योग्य फैसला



केंद्रीय चुनाव आयोग का फैसला कानून के दायरों के भीतर एकदम सटिक और योग्य आया है. इस फैसले के कारण शिंदे गुट के पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं में हर्ष की लहर होना लाजमी है. यह फैसला, विश्वास का सम्मान करने वाला फैसला साबित होगा. **- अक्षरा लहाने, नगरसेविका, न.प. अचलपुर.**

# गोलाई में तेंदुए का बंदोबस्त करें



**संवाददाता/प्रतिदिन अखबार**
**धारणी, 22 फरवरी-** गोलाई परिसर में 6 प्राणियों का शिकार करने वाला तेंदुआ मेलघाट बाघ प्रकल्प के अधिकारियों को लगातार चकमा दे रहा है. वह एक बार वनविभाग द्वारा लगाये पिंजरे में फंस गया था, लेकिन पिंजरा तोड़कर भाग चुका है. अब नये सिरे से पिंजरा लगाया गया है, लेकिन तेंदुआ लापता हो गया है.

इसी दौरान वनमंत्री सुधीर मुनगंटीवार ने धोंडिबा मुंडे की मांग पर वनविभाग के प्रधान सचिव को तुरंत कार्रवाई करने के लिखित निर्देश दिए हैं. धारणी तहसील के धुलघाट रेलवे वन्यजीव परिक्षेत्र के गोलाई शिवार में तेंदुए ने उत्पात मचाकर अनेक पालतू प्राणियों की जान ली है. धोंडिबा मुंडे ने वनमंत्री को एक पत्र लिखकर इस तेंदुए का तुरंत बंदोबस्त करने की मांग की थी. जिस पर मंत्री ने प्रधान सचिव को योग्य कार्रवाई करने और तेंदुए की हलचलों पर नजर रखने के निर्देश दिए थे.

फिलहाल अमरावती बाघ सुरक्षा दल और परतवाड़ा की बाघ सुरक्षा टीम को गोलाई में हाजिर किया है. साथ में प्राणीतज्ञ और डॉक्टर्स भी मौजूद हैं. बेहोश करने वाली गन भी तैयार है. बीते 7 दिनों से दोनों टीम गोलाई के जंगल में ठिया लगाये बैठी है. लेकिन तेंदुए ने यहां के परिसर में घूमना छोड़ दिया है. इस तेंदुए के बारे में जानकारी देते हुए अकोट वन अधिकारी पंकज अलसपुरे ने बताया कि बाघ सुरक्षा दल की 2 टीम यहां कार्यरत है. एक बार तेंदुए ने पिंजरा तोड़कर भागने के बाद दूसरा मजबूत पिंजरा लगाया गया है, लेकिन तेंदुआ इधर नहीं आया है. फिर भी टीम उसकी ताक में है, वह जल्द ही पिंजरे में फंसेगा, ऐसा अंदाज है. वनमंत्री सुधीर मुनगंटीवार को सौंपे ज्ञापन में यहां 2 वर्षों के पूर्व हुयी दादरा स्थित ई-बाघिन के आदमखोर बन जाने की घटना का उल्लेख किया गया था. अकोट वन्यजीव विभाग के धुलघाट रेंज स्थित धारणी तहसील के गोलाई, रानीगांव, कंजोली, मोथाखेड़ा और सिनबन इन गांवों के नागरिक वन्यप्राणियों की दहशत से घबराये हुए हैं. सहायक वनसंरक्षक निकम ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर आवश्यक निर्देश दिए हैं. ग्रीष्म ऋतु में वन्यप्राणियों का संचार ज्यादा होता है. उस समय हिंसक जानवरों द्वारा हमलों की संख्या बढ़ जाती है.

# 7 साल से फरार आरोपी गिरफ्तार



**संवाददाता/प्रतिदिन अखबार**
**तलेगांव दशासर, 22 फरवरी-** स्थानीय पुलिस ने 7 साल से फरार आरोपी को बड़ी सरगर्मी से तलाश कर नवसारी अमरावती से पकड़ने में सफलता पायी है. प्राप्त जानकारी अनुसार पुलिस स्टेशन में दर्ज अपराध क्रमांक 270/2016 में कलम 353, 186, 294, 504, 34 भादंवि अनुसार मामला घटित हुआ था. पुलिस ने आरोपी सतीश उर्फ सत्यपाल अशोक चौहान ( 38, तलेगांव ) को नामजद किया था. उक्त आरोपी पिछले 7साल से फरार था. पुलिस ने हाल ही में गुप्त सूचना के आधार पर नवसारी अमरावती से उसे व एक महिला को ढूंढ़कर लाने में सफलता हासिल की है व आरोपी को जेल रवाना किया. उक्त कार्रवाई थानेदार हेमंत चौधरी के मार्गदर्शन में पु.उप.नि. कपिल मिश्रा, पुलिस नाईक श्याम गावंडे, पुलिस सिपाही अमोल तातड़, महिला पुलिस कर्मी मेघा चावड़े ने अंजाम दी.